an>

Title: Hon'ble Speaker made reference to the Twentieth Anniversary of the Terrorist Attack on Parliament House on 13th December, 2001.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज हम 13 दिसम्बर, 2001 की उस दु:खद घटना का अत्यन्त गम्भीरता के साथ स्मरण करते हैं जब आतंकवादियों ने एक शर्मनाक हमले में हमारी लोकतांत्रिक राजव्यवस्था की प्रतीक भारतीय संसद को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया था ।

इस कायरतापूर्ण हमले को संसद परिसर की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों ने विफल कर दिया था । इस हमले का बहादुरी से मुकाबला करते हुए संसद सुरक्षा सेवा, दिल्ली पुलिस सेवा और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के आठ सुरक्षा कार्मिक शहीद हो गए थे । इस आतंकवादी हमले में एक अधिकारी भी शहीद हुए थे ।

यह सभा आतंकवादी हमले के दौरान संसद की सुरक्षा करते हुए हमारे वीर सुरक्षा कर्मिकों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती है तथा उनके परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है ।

इस अवसर पर, हम आतंकवाद का मुकाबला करने के अपने संकल्प को दोहराते हैं तथा अपनी मातृभूमि की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता की रक्षा करने के लिए अपनी प्रतिज्ञा की पुन: पुष्टि करते हैं ।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़ी रहेगी ।

The Members then stood in silence for a short while.